Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to extend Purushottam Express (Train No. 12801 and 12802) to Sourthern Haryana.

प्रो. **रीता बहुगुणा जोशी** (**इलाहाबाद**): महोदय, आपने मुझे मेरे क्षेत्र सहित पूर्वी भारत के हिस्सों की एक समस्या की ओर सदन एवं रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, आप जानते हैं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड से बहुत बड़ी संख्या में लोग पूरे देश में व्यवसाय के लिए जाते हैं, रोजगार के लिए जाते हैं । हमारे जो ये मजदूर, श्रमिक जाते हैं, इनके लिए रेल की सुविधा सबसे महत्वपूर्ण है । पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड को दक्षिणी हरियाणा से जोड़ने के लिए कोई अच्छी ट्रेन उपलब्ध नहीं है । इतना बुरा हाल है कि पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन, जो पुरी से चलती है, जब वह इन सभी प्रदेशों से होते हुए दिल्ली आती है तो यहाँ से 12 घंटे के बाद उनको अगली ट्रेन दक्षिण हरियाणा के लिए मिलती है । वहाँ नारनौल, रेवाड़ी आदि जो बहुत ही अच्छे औद्योगिक स्थान हैं । मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ट्रेन संख्या 12801 और ट्रेन संख्या 12802, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस जो कि पुरी से चलती है और पुरी वापस जाती है, को एक्सटेंड कर दें ताकि दक्षिण हरियाणा से उसका कनेक्शन हो जाए । धन्यवाद ।